# NDRF trains faculty, students, staffs at CIMP during Earthquake Safety Week

**OUR CORRESPONDENT**



**PATNA:** On the occasion of the "Earthquake Safety Week" from January 15 to January 21, 2023, the NDRF team on Wednesday visited Institute of Management Patna (CIMP) to sensitize the Faculties, officers, students and staffs on disaster response measures. Prof. (Dr.) Rana Singh, Director, Chandragupt Institute of Management Patna (CIMP) welcomed the NDRF team.

Rahul Kumar Singh, Team Commander, NDRF, said that mock exercise is a practice, how do you can deal with in actual disaster situation. Later, a video presentation was made in which the NDRF team demonstrated the style of working in any extreme situation. The team also discussed about the natural and man-made disaster and guided the audience to cover loss occurred during the earthquake and how to minimize the effect of earthquake. They said that there are 4 seismic zones in India, and about 59% of land area comes under seismic hazard zone. Whereas, In Bihar 8district comes in zone 5 high risk zone, which are Northern part of Bihar.

Later on they also demonstrated the techniques during earthquake for protection - Drop (to the ground), Cover (whole body should cover under sturdy object), Hold (tightly hold any kind of pillar) until the shaking stops.

They also emphasises on the preparations to minimize the loss during earthquake- Repair and maintenance of weak part of building or structural defects and During an earthquake assemble in open area which should be 1.5 time far away of the building height .

The NDRF team also advocate spreading awareness about Earthquake drills and taking a participation in training session and educate people about pre Hospital conditions.

They also briefed about the post earthquake measures and are prepared for aftershocks, and not to spread rumours. Every office should have an emergency evacuation area which must be in the knowledge of everyone. The team has also demonstrated the primary treatment about CPR (cardiac pulmonary resuscitation) at the end.

Vivek Kashyap, Senior Administrative Officer, CIMP delivered the Vote of Thanks. In his address he gives a heartfelt thanks to the respected guest and other participants. Faculty members, students, staffs and others distinguished dignitaries were present during the session.

Morning India ! Page No - 03 ! Date - 19-01-2023 !

# भूकंप सुरक्षा सप्ताह : एनडीआरएफ ने भूकंप से बचाव के तरीके बताये

**संवाददाता, पटना**



भूकंप सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एनडीआरएफ टीम ने आपदा प्रतिक्रिया उपायों पर बुधवार को चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) के संकायों, अधिकारियों, छात्रों और कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए संस्थान का दौरा किया. सीआइएमपी के निदेशक प्रो राणा सिंह ने एनडीआरएफ टीम का स्वागत किया.

एनडीआरएफ के टीम कमांडर राहुल कुमार सिंह ने कहा कि मॉक एक्सरसाइज एक अभ्यास है, वास्तविक आपदा की स्थिति में आप कैसे निबट सकते हैं. उन्होंने भूकंप के दौरान बचाव की तकनीकों का भी प्रदर्शन किया-गिराना (जमीन पर), ढकना (मजबूत वस्तु के नीचे पूरा शरीर ढंकना चाहिए), हिलना बंद होने तक पकड़ना (किसी भी तरह के खंभे को मजबूती से पकड़ना). वे भूकंप के दौरान होने वाले नुकसान को कम-से-कम करने की तैयारी पर भी जोर दिया. भवन के कमजोर हिस्से या संरचनात्मक दोषों की मरम्मत और रखरखाव और भूकंप के दौरान खुले क्षेत्र में इकट्ठा होना, जो भवन की ऊंचाई से 1.5 गुना दूर होना चाहिए. एनडीआरएफ टीम भूकंप ड्रिल के बारे में लोगों को जागरूक किया. भूकंप सुरक्षा सप्ताह 15 से 21 जनवरी तक चलेगा.

Prabhat Khabar ! Page No - 07 ! Date - 19-01-2023 !

# सीआईएमपी के छात्रों ने जाना भूकंप हो तो क्या करें

**पटना** | भूकंप सुरक्षा सप्ताह पर चंद्रगुप्त इंस्टयूट ऑफ मैनेजमेंट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। एनडीआरएफ टीम की ओर से यह आयोजन हुआ। इसमें संस्थान के प्रोफेसर व अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को आपदाओं से कैसे निपटा जाए, इसपर मॉक ड्रील करके बताया गया। एनडीआरएफ के टीम कमांडर राहुल कुमार सिंह ने वीडियो और मॉक ड्रील के माध्यम से बताया कि भूकंप आने पर क्या-क्या करना चाहिए और क्या नहीं। टीम ने प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदा के बारे में भी चर्चा की और भूकंप के दौरान हुए नुकसान को कवर करने और भूकंप के प्रभाव को कम करने के तरीके के बारे में दर्शकों का मार्गदर्शन किया।

Dainik Bhaskar !
Page No - 09 !
Date-19-01-2023 !

# एनडीआरएफ ने छात्रों को आपदा से बचने के लिएं दिया प्रशिक्षण

**जागरण संवाददाता, पटना :** भूकंप सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एनडीआरएफ टीम ने आपदा प्रतिक्रिया उपायों पर चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट, पटना (सीआइएमपी) के छात्रों एवं शिक्षाकर्मियों को संवेदनशील बनाने के लिए संस्थान का दौरा किया। संस्थान के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने एनडीआरएफ टीम का स्वागत किया। एनडीआरएफ के टीम कमांडर राहुल कुमार सिंह ने कहा कि माक एक्सरसाइज एक अभ्यास है। टीम ने प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदा के बारे में भी चर्चा की और भूकंप के दौरान हुए नुकसान को कवर करने और भूकंप के प्रभाव को कम करने का तरीका बताया।

बताया गया कि बिहार के आठ जिले पांच हाई रिस्क जोन में आते हैं। इस मौके पर भूकंप के दौरान बचाव की तकनीकों का भी प्रदर्शन किया गया। भवन के कमजोर हिस्से या संरचनात्मक दोषों की मरम्मत और रखरखाव और भूकंप के दौरान खुले क्षेत्र में इकट्ठा होना चाहिए। जहां एकत्र हों व स्थान भवन की ऊंचाई से 1.5 गुना दूर होना चाहिए। भूकंप के बाद के उपायों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यालय में एक आपातकालीन निकासी क्षेत्र होना चाहिए, जो सभी को जानकारी होनी चाहिए। टीम ने अंत में सीपीआर (कार्डियक पल्मोनरी रिससिटेशन) के बारे में प्राथमिक उपचार का भी प्रदर्शन किया।

Dainik Jagran !
Pagr No - 05 !
Date - 19-01-2023 !